तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

# हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, बुधवार 4 फरवरी 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



4 शासन की सभी योजनाओं का लोगों को मिल रहा लाभ : लखनलाल




## खबर संक्षेप

### रोजगार कार्यालय कोरबा में प्लेसमेंट कैंप आज

**कोरबा।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोरबा में प्लेसमेंट कैंप का आयोजन 4 फरवरी को किया जा रहा है। प्लेसमेन्ट कैम्प के माध्यम से नियोजक वेदांता स्किल स्कूल लर्नेट स्कील लिमिटेड बालको कोरबा और परिश्रम रिसोर्स प्राईवेट लिमिटेड गुरूग्राम, हरियाणा द्वारा विभिन्न पदों पर भर्ती की जाएगी। रिक्तियों का विवरण इस प्रकार है फिटर 30 पद, होटल मैनेजमेंट 30 पद, वेल्डर 30 पद, मोबाईल रिपेयरिंग 30 पद, मीटर इंस्टालर 300 पद शामिल है। शैक्षणिक योग्यता आई.टी.आई (सभी ट्रेड) एवं नॉन आई.टी.आई. शामिल है। आयुसीमा 18-40 वर्ष तक एवं वेतनमान रूपये 15,000 से 18,000 तक नियोजक द्वारा निर्धारित किया गया है।

### स्वरोजगार एवं उद्यम स्थापना के लिए किया गया प्रोत्साहित

**कोरबा।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) तथा प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी) के अंतर्गत युवाओं एवं इच्छुक उद्यमियों को स्व-रोजगार स्थापित करने हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से ग्राम पंचायत सिंघिया, विकासखंड पोड़ी उपरोड़ा में एक दिवसीय उद्यमिता जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, कोरबा के प्रबंधक एवं पीएमएफएमई के डीआरपी द्वारा विभागीय योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रतिभागियों को स्वयं का सेवा व्यवसाय या उद्यम स्थापित करने हेतु उपलब्ध विभिन्न लाभों, सब्सिडी, ऋण सुविधाओं तथा प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में बताया गया।

### हितग्राही ने शीघ्र सत्यापन नहीं कराया तो रूक सकती हैं पेंशन

**कोरबा।** नगर निगम द्वारा शासन की विभिन्न पेंशन योजनाओं के हितग्राहियों से कहा गया है कि वे अनिवार्य रूप से हितग्राही सत्यापन का कार्य करा लें ताकि उन्हें पेंशन प्राप्त करने में किसी प्रकार का अवरोध उपस्थित न हों। निगम ने कहा है बिना किसी दिक्कत के पेंशन प्राप्त करने हेतु हितग्राही का सत्यापन जरूरी है, सत्यापन न कराने पर पेंशन रूक सकती है। सत्यापन का कार्य निगम के मुख्य कार्यालय साकेत भवन या च्वाईस सेंटर में कराया जा सकता है। हितग्राही नगर पालिक निगम कोरबा के मुख्य प्रशासनिक भवन साकेत स्थित पेंशन शाखा अथवा अपने क्षेत्र के नजदीकी च्वाईस सेंटर में जाकर सत्यापन का कार्य अनिवार्य रूप से करा लें, ताकि उन्हें नियमित पेंशन के भुगतान में किसी प्रकार की समस्या न हों।

### अभियान चलाकर कोटपा एक्ट का पालन करने दिए निर्देश

**कोरबा।** जिले में मादक पदार्थों की उपलब्धता, उपयोग एवं अवैध बिक्री पर प्रभावी रोक लगाने के उद्देश्य से निगम आयुक्त आशुतोष पांडेय की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभाकक्ष में नारकोटिक्स को-ऑर्डिनेशन समिति की बैठक आयोजित की गई। निगम आयुक्त ने शैक्षणिक परिसर के आसपास प्रतिबंधित सामग्री विक्रय करने वालों के विरूद्ध अभियान चलाकर कार्यवाही के निर्देश दिए। उन्होंने अवैध रूप से मादक पदार्थों की बिक्री, भंडारण या उपयोग में संलिप्त व्यक्तियों के खिलाफ कड़ी वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में निगम आयुक्त ने पूर्व बैठक में दिए गए निर्देशों के तहत की गई कार्यवाही की जानकारी ली। बैठक में बताया गया कि सभी मेडिकल दुकानों में अनिवार्य रूप से सीसीटीवी लगाने के निर्देश दिए गए थे, जिसका पालन कराया गया है। नये दुकानों के लिए लाइसेंस देते समय भी सीसीटीवी अनिवार्य रूप से लगाने के निर्देश दिए जा रहे हैं। इसी तरह स्टोर्स में स्वापक एवं मनः प्रभावी दवाइयों के क्रय विक्रय व पंजीकृत डॉक्टर की पर्ची एवं स्टॉक का मिलान भी की जा रही है।

# जिले के पहुंचविहीन क्षेत्रों में पहुंचेगा बीएसएनएल, लगाएगा टॉवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

बीएसएनएल के द्वारा अपनी सेवा का विस्तार करते हुए जिले के उन पहुंचविहीन क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर लगाने की तैयारी कर रहा है जहां अब तक किसी भी मोबाइल कंपनी के टॉवर नहीं लगे थे और ये क्षेत्र टेलीकॉम की नजर में अनकवर्ड के दायरे में आते थे। आने वाले एक वर्ष में इन क्षेत्रों में मोबाइल टॉवर की सुविधा शुरु हो जाएगी।

बीएसएनएल के द्वारा पिछले कुछ वर्षों से अपनी टेलीकॉम सुविधा को अपडेट किया जा रहा है। निजी कंपनियों का मुकाबला करते हुए बीएसएनएल के द्वारा जिले के ऐसे क्षेत्रों में टॉवर लगाने की तैयारी शुरु की है जहां दूरसंचार की किसी तरह की सुविधा नहीं है। बिलासपुर संभागीय कार्यालय में बीएसएनएल सलाहकार बोर्ड की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई थी।

## ग्रामीण क्षेत्रों के 20 स्थानों का किया गया है चयन

**खास बातें**

- जिले के शहरी और ग्रामीण अंचलों में 140 टॉवर हैं प्रस्तावित



**लगेंगे टॉवर**

जिले के 20 पहुंचविहीन क्षेत्रों में बीएसएनएल के द्वारा टॉवल लगाने का निर्णय लिया गया है। ये सभी क्षेत्र अब तक अनकवर्ड थे और किसी भी कंपनी के मोबाइल टॉवर इन क्षेत्रों में नहीं लगे थे।

-साकेत गोस्वामी
एसडीओ, बीएसएनएल

## इन क्षेत्रों में लगेंगे मोबाइल टॉवर

बीएसएनएल के द्वारा जिन 20 अनकवर्ड क्षेत्रों में टॉवर लगाया जाएगा उनमें कोरबा विकासखंड के ग्राम अरेतरा, केऊबहार, सुरवे, डोकरमना, देवपहरी, कुदरीचिंगर आदि शामिल हैं। इसी तरह करतला विकासखंड अंतर्गत गिरकुंवारी, तरईमारडीह, पाली ब्लॉक अंतर्गत जेमरा, बगदरा, बक्साही तथा पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत जजगी, रिंगनिया, कोरबी, ठिर्रीआमा शामिल हैं।

बोर्ड के सदस्यों ने कोरबा जिले के दूरस्थ वनांचल क्षेत्र जो दूसरे जिले की सीमा से लगे हुए हैं और जो अब तक सरकारी और निजी मोबाइल कंपनियों के टॉवर सुविधा से दूर थे। टेलीकॉम के क्षेत्र में ऐसे क्षेत्रों को अनकवर्ड माना जाता है। बोर्ड की हुई बैठक में जिले के ऐसे अनकवर्ड स्थानों में टॉवर लगाने की सहमति बनी थी। ⏭ शेष पेज 3 पर

### पहले दिन 39 हजार क्विंटल का हुआ उठाव

# राहत : 20 दिन बंद रहने के बाद समितियों से धान का उठाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

लगभग 20 दिन धान का उठाव बंद रहने के बाद आखिरकार राज्य शासन ने कोरबा सहित प्रदेश के 4 जिलों में धान उठाव की अनुमति दे दी। कोरबा

**खास बात**

- 24 लाख 65 हजार 8 सौ क्विंटल का काटा गया है डीओ

में पहले दिन सोमवार को 39 हजार क्विंटल धान का उठाव हुआ है और अब तक 24 लाख 65 हजार 8 सौ क्विंटल का डीओ काटा जा चुका है। वहीं 2 लाख 72 हजार 320 क्विंटल का डीओ जारी होना शेष है।

धान खरीदी के दौरान प्रदेश के कुछ जिलों में रिसायकलिंग का मामला पकड़े जाने के बाद बीते 12 जनवरी से प्रदेश के सभी धान उपार्जन केंद्रों से धान के उठाव पर रोक लगा दी गई थी लेकिन खरीदी पर किसी तरह की रोक नहीं लगी थी और 30 जनवरी तक लगातार खरीदी जारी रही। जिससे जिले की सभी 65 उपार्जन केंद्रों में धान जाम पड़ा हुआ था। लगभग 13 लाख क्विंटल धान समितियों में जाम है इससे बड़ी समितियों में धान रखने की जगह नहीं होने के कारण समिति के प्रबंधकों को किराये पर किसानों के खेत लेना पड़ा और उनका समतलीकरण कराकर धान रखने की जगह बनाई गई। ऐसे बड़े केंद्र जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में स्थित हैं जहां अभी भी धान उठाव की प्रक्रिया शुरु नहीं हुई है। 20 दिन बाद धान उठाव की अनुमति दिए जाने के बाद जिले के समीप के धान उपार्जन केंद्रों से राइस मिलर्स के द्वारा सबसे पहले धान उठाव किया जा रहा है और सोमवार को 39 हजार क्विंटल धान का उठाव धान उपार्जन केंद्रों से किया गया है जबकि दूरस्थ केंद्रों का डीओ जारी नहीं होने के कारण वहां धान जाम पड़ा हुआ है। इससे सूखत आने का खतरा मंडरा रहा है। जिला मुख्यालय के अधिकारियों का कहना है कि डीओ मार्कफेड से सीधे काटा जा रहा है। स्थानीय स्तर से डीओ काटने की प्रक्रिया बंद है।



फाइल फोटो

## उठाव के लिए डालना पड़ता है रिक्वेस्ट

मार्कफेड के नियम के मुताबिक किसी भी धान खरीदी केंद्र से धान उठाव के लिए राइस मिलर्स को मार्कफेड के पोर्टल में रिक्वेस्ट डालना पड़ता है। राइस मिलर्स इसका फायदा उठाते हुए उनके राइस मिल के नजदीक आने वाले धान उपार्जन केंद्रों से उठाव के लिए पहले रिक्वेस्ट डाला जाता है। यही कारण है कि अधिकारी भी राइस मिलर पर दबाव नहीं बनाते और मिलर्स अपने हिसाब से रिक्वेस्ट डालते हैं।

## इन केंद्रों का नहीं कटा कोई डीओ

कोरबा ब्रांच अंतर्गत आने वाले धान उपार्जन केंद्र बरपाली कोरबा में 42 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। बीते 20 दिन से जब से खरीदी बंद है। इस केंद्र के लिए कोई डीओ नहीं कटा। सोमवार से उठाव होने के बाद भी मार्कफेड से इस केंद्र के डीओ नहीं कटा। इसी तरह श्यांग धान उपार्जन केंद्र में 27 हजार क्विंटल धान जाम पड़ा हुआ है। इस केंद्र के लिए भी डीओ नहीं काटा गया। इसके अलावा धान खरीदी केंद्र लेमरु में 10 हजार क्विंटल धान जाम है। ये सभी क्षेत्र वनांचल होने के कारण लगातार हाथियों के मंडराने से भय बना हुआ है। हाथी प्रभावित क्षेत्र होने के बावजूद मार्कफेड इन उपार्जन केंद्रों से धान उठाव में तेजी नहीं दिखाता।

**उठाव हो चुका है शुरु**

जिले के धान उपार्जन केंद्रों से धान उठाव की प्रक्रिया शुरु हो गई है। अनुमति रविवार को मिल गई थी। सोमवार को 39 हजार क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

-**तीर्थराज,** जिला विपणन अधिकारी

# ट्रेलर व ट्रक के बीच आमने-सामने भिंड़त, एक की मौत, एक घायल



दुर्घटनाग्रस्त ट्रक व ट्रेलर।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा-चांपा मुख्यमार्ग ग्राम पंचायत पताढ़ी के पास हुई भीषण सडक़ दुर्घटना में एक वाहन चालक

**खास बात**

- विपरीत दिशा से जा रहा था ट्रेलर चालक जिसकी वजह से हुआ हादसा

की मौत हो गई। कोरबा और चांपा की दिशा में आवाजाही कर रहे ट्रेलर और ट्रक यहां आमने सामने भिड़ंत हो गया था। एक चालक केबिन में फंसकर दब गया। जब तक रेस्क्यू किया जाता, उसकी मौत हो चुकी थी। बताया जाता है कि ट्रेलर चालक द्वारा विपरीत दिशा में गाड़ी चलाने के कारण यह हादसा हुआ है। मामले में ट्रेलर चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच शुरु कर दी है।

जानकारी के अनुसार यह हादसा उरगा थाना क्षेत्र के ग्राम पताढ़ी के समीप मंगलवार की सुबह घटित हुई है। बताया जाता है कि ट्रक क्रमांक सीसी 07 सीआर 8677 का चालक भिलाईखुर्सीपार निवासी रुस्तम शाह उम्र 54 वर्ष नासिक से प्याज लोड कर टाटा जा रहा था कि मंगलवार की सुबह पताढ़ी के समीप पहुंचा था कि कुसमुंडा खदान से कोयला लोड कर ट्रेलर क्रमांक सीजी 04 पीजी 4336 का चालक लैंको पताढ़ी जा रहा था कि ट्रेलर चालक विपरीत दिशा से अपने वाहन को ले गया और सामने से आ रही ट्रक को जोरदार ठोकर मार दिया जिससे दोनों वाहनों के परखच्चे उड़ गये और केबिन ⏭ शेष पेज 3 पर

# ब्रिज चोरी के मामले में आया नया मोड़ चोरों की संपत्तियों से हो सकती है वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ढोढ़ीपारा पर स्थित नहर में जल संसाधन विभाग द्वारा तैयार किए गए लोहे के ब्रिज को विगत दिनों कबाड़

**खास बात**

- पुलिस द्वारा पत्राचार किया गया शुरू, आरोपियों की हो रही है खोजबीन

चोरों ने गैस कटर से काटकर लाखों का माल पार कर दिया था। इस मामले में अब तक पुलिस ने कई आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है तो वहीं दूसरी ओर अब तक इस मामले का मुख्य आरोपी फरार है जिसकी पुलिस सरगर्मी से खोजबीन में जुटी हुई है तो वहीं दूसरी ओर मामले में पुलिस ने शासकीय संपत्ति की चोरी करने का मामला भी जोड़ दिया है। इस गिरोह के सरगना सहित अन्य आरोपियों द्वारा वारदात को अंजाम दिया गया था। अब प्रशासन और पुलिस लोहे के ब्रिज की जितनी कीमत थी उतनी उनके संपत्ति से रिकवरी कर सकती है, इस दिशा पर कार्यवाही शुरु हो चुकी है।

उल्लेखनीय है कि सीएसईबी चौकी क्षेत्र अंतर्गत ढोढ़ीपारा स्थित नहर को पार करने के लिए तैयार किए गए लोहे के ब्रिज को विगत दिनों मुकेश बरबट्टी, असलम खान सहित उसके गिरोह के अन्य सदस्यों ने रातों-रात ब्रिज को गैस कटर से काटकर चोरी कर ली थी। इस सनसनी खेज चोरी के मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर जिला पुलिस की टीम ने ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए अब तक कई कबाड़ चोरों को सलाखों के पीछे भेज चुकी है तो वहीं दूसरी ओर फरार चल रहे मुकेश बरबट्टी सहित अन्य आरोपियों की सरगर्मियों से खोजबीन में जुटी हुई है पुलिस के आधिकारिक सूत्र बताते हैं कि पुलिस ने इस मामले में शासकीय संपत्ति की चोरी करने का भी मामला भी अब आरोपियों के खिलाफ जोड़ चुकी है। जल्द ही पुलिस इस मामले में शासकीय संपत्ति की चोरी करने वाले कबाड़ चोरों के सरगना सहित अन्य कबाड़ चोरों से उनके संपत्ति से रिकवरी भी कर सकती है। इसके लिए पुलिस और जिला प्रशासन की टीम पत्राचार की कार्यवाही भी कर चुकी है। हालांकि इस मामले पर जो पुलिस ⏭ शेष पेज 3 पर

# पांच घंटे साइलो एवं कोल उत्पादन बंद कर भूविस्थापितों ने किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ किसान सभा और भू विस्थापित रोजगार एकता संघ के नेतृत्व में एसईसीएल के गेवरा

**खास बात**

- प्रबंधन ने दो दिन में समस्याओं के समाधान का दिया आश्वासन



प्रदर्शन करते भूविस्थापित।

खदान से प्रभावित भू विस्थापित किसानों को वैकल्पिक रोजगार देने के साथ हेवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की मांग को लेकर एसईसीएल के गेवरा खदान में मिट्टी और कोयला खनन को बंद कराने के बाद साइलो को बंद करा दिया जिससे रैक लोडिंग का कार्य प्रभावित हुआ। हड़ताल को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस और सीआईएसएफ के जवान तैनात थे।

हड़ताल को संबोधित करते हुए किसान सभा के प्रदेश संयुक्त सचिव प्रशांत झा ने कहा की खदान विस्तार के लिए ग्रामीणों की पूरी जमीन ली जाती है लेकिन रोजगार देते समय सौ प्रतिशत रोजगार प्रभावित ग्रामीणों को नहीं दिया जा रहा है 30 प्रतिशत बाहर के लोगों के नाम पर प्रभावितों के हक के रोजगार को बेचा जा रहा है। अपनी गांव और जमीन से बेदखल कर दिए गए विस्थापित परिवारों की जीवन स्तर सुधरने के बजाय और भी बदतर हो गई है। हजारों छोटे किसानों को खेती किसानी से अलग कर दो एकड़ जमीन के नाम पर पहले ही रोजगार से वंचित किया गया और जब वैकल्पिक रोजगार है तो उसमें भी प्रतिशत का खेल खेला जा रहा है जिसका किसान सभा विरोध करती है। विकास की जो नींव कोरबा में रखी गई है उसमें प्रभावित परिवारों की अनदेखी हो रही है। लगातार संघर्ष के बाद खानापूर्ति के नाम पर कुछ लोगों को वैकल्पिक रोजगार दिया जा रहा है। प्रभावितों के पास अब संघर्ष के अलावा और कोई रास्ता नहीं बचा है। दो दिन में प्रबंधन ने समस्याओं का समाधान नहीं किया तो इससे भी बढ़ा आंदोलन होगा किसान सभा के जिला सचिव ⏭ शेष पेज 3 पर

### बैठक में शामिल हुए कांग्रेस के जिला प्रभारी विजय केशरवानी व पूर्व मंत्री जयसिंह

# छोटी-छोटी त्रुटि को लेकर पौने 3 लाख मतदाताओं को जारी किया नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में लगभग पौने 3 लाख मतदाताओं को नोटिस जारी किया गया है, जिन्हें 13 फरवरी तक आवश्यक दस्तावेज जमा करना होगा। ये पौने 3 लाख वोटर्स को नाम, सरनेम जैसी छोटी-छोटी त्रुटियों के कारण नोटिस मिला है, जैसे 2003 के मतदाता सूची में किसी का नाम सुरेश, पिता गनपत दर्ज है और अब सुरेश कुमार अग्रवाल, पिता गनपत लाल अग्रवाल हो गया है ऐसे लोगों को आवश्यक दस्तावेज फिर से जमा करना पड़ रहा है, जबकि 2003 में भी सुरेश का नाम सुरेश कुमार अग्रवाल था, लेकिन मतदाता सूची में सिर्फ सुरेश दर्ज किया गया था।

उक्त बातें कांग्रेस के जिला प्रभारी



बैठक को संबोधित करते पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल।

विजय केशरवानी ने एसआईआर, मनरेगा एवं धान खरीदी के मुद्दे को लेकर कांग्रेस कार्यालय में ब्लॉक एवं मंडल अध्यक्ष सहित कार्यकर्ताओं के बैठक को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि जिन्हें नोटिस मिला है, वे अपने मतदान केंद्र के बीएलओ से मिलकर जरूरी कागजात जमा करें। श्री केशरवानी ने आगे कहा कि शीघ्र ही ब्लॉक, मंडल एवं बूथ स्तर पर बैठक लेकर एसआईआर और मनरेगा की सही जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करना होगा। बैठक को संबोधित करते हुए पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने कहा कि कोरबा विधानसभा के एसआईआर प्रक्रिया में फॉर्म-7 का बड़े पैमाने पर दुरूपयोग किये जाने का मामला सामने आया है, जिसमें वोटर्स के नाम कटवाने के लिए फर्जी आपत्ति किया गया है। इस मामले को लेकर कई लोगों ने एफआईआर दर्ज करवाया है। कोरबा विधानसभा के मतदाता सूची में शुद्धिकरण के नाम पर गड़बड़ी किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, जबकि हम शुरूआत से ही कहते आ रहे हैं कि कोई भी पात्र वोटर्स का नाम ना कटे और कोई भी अपात्र वोटर्स का नाम ना जुड़े। उन्होंने इस मामले को लेकर स्वयं राज्य निर्वाचन आयोग और जिला निर्वाचन अधिकारी को निष्पक्ष जांच के लिए पत्र प्रेषित किया है। इस मौके पर जिला कांग्रेस के ग्रामीण अध्यक्ष मनोज चौहान ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने मनरेगा की मूल आत्मा को ही खत्म करके श्रमिकों से काम का अधिकार छीनने का काम किया है। मनरेगा कानून परिवर्तन मोदी सरकार का श्रमिक विरोधी कदम है। बैठक में शहर जिला अध्यक्ष मुकेश राठौर ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य से कम धान खरीदी के लिए सरकार जिम्मेदार हैं। सरकार में आने के लिए बीजेपी ने विधानसभा चुनाव में 31 सौ रूपया प्रति क्विंटल की दर से किसानों से उनका दाना-दाना खरीदी किये जाने का वायदा किया था।

### 29 लोगों पर की गई एमव्ही एक्ट की कार्रवाई

**कोरबा।** जिले में अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा दिए गए निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के मार्गदर्शन में थाना उरगा पुलिस द्वारा गंभीरता से कार्यवाही की गई। उक्त अभियान के अंतर्गत थाना उरगा क्षेत्र में यातायात नियमों के पालन हेतु विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। चेकिंग के दौरान मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 185 (नशे की हालत में वाहन चलाना) के अंतर्गत कुल 29 वाहन चालकों के विरुद्ध वैधानिक कार्यवाही की गई। जिला पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि वे यातायात नियमों का अनिवार्य रूप से पालन करें, नशे की हालत में वाहन चलाने से बचें।

## खबर संक्षेप

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बिलासपुर। तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार ग्रामीण की मौत हो गई। पुलिस ने पिकअप जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है। रतनपुर टीआई निलेश पाण्डेय ने बताया कि जाली निवासी संतोष सोनवानी 45 साल बाइक से बेलतरा की ओर जा रहा था। बेलतरा में सामने से आ रहे पिकअप क्रमांक सीजी 16 सीएच, 4588 के ड्राइवर ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक चलाते हुए बाइक को टक्कर मार दी। सिर में गंभीर चोट लगने से संतोष सोनवानी की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव मरच्यूरी में रखवा दिया है। पुलिस ने गाड़ी जब्त कर ड्राइवर को गिरफ्तार कर लिया है।

### रेलवेकर्मी से मारपीट कर चाकू से हमला

बिलासपुर। जमीन विवाद में घर घुसकर रेलवेकर्मी से मारपीट कर चाकू से हमला कर दिया गया।



पुलिस ने हमलावर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। कोतवाली पुलिस के अनुसार दयालबंद निवासी सूरज सिंह राजपूत पिता स्व. शंकर सिंह राजपूत 19 साल रेलवे में ट्रेक्निशियन के पद पर कोरबा में पदस्थ है। चार दिनों की छुट्टी में वह अपने घर आए थे। 2 फरवरी को 5.20 बजे घर में वह अकेले थे। इसी दौरान उनके चाचा गणेश सिंह राजपूत जमीन विवाद में गाली गलौज करते हुए घर में घुसे और लोहे के पाइप से मारपीट करते हुए चाकू से हमला भी कर दिया गया। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर हमलावर चाचा के खिलाफ बीएनएस की धारा 115, 2, 296, 333, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।

### कांग्रेस नेता का पड़ोसी के साथ मारपीट

बिलासपुर। कांग्रेस नेता का पड़ोसी से विवाद होने पर दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। उसके बाद दोनों पक्षे भीड़ को साथ लेकर रिपोर्ट लिखाने के लिए थाने भी पहुंच गए। थाना परिसर में भी दोनों पक्ष के लोग विवाद करने लगे। पुलिस के बीच बचाव करने पर विवाद शांत हुआ। कोटा टीआई नरेश चौहान ने बताया कि 2 फरवरी की रात कोटा रेलवे स्टेशन के पास रहने वाले कांग्रेस नेता संतोष मिश्रा उर्फ छोटू का पड़ोसी राम सोनी से विवाद हो गया। दोनों ने एक दूसरे के साथ मारपीट की। उसके बाद दोनों पक्ष अपने सहयोगियों के साथ रिपोर्ट लिखाने थाने पहुंच गए। थाना परिसर में दोनों पक्ष के सहयोगी युवक एक दूसरे के साथ गाली गलौज कर विवाद करने लगे। स्थिति खराब होने पर पुलिस ने बीच बचाव कर विवाद शांत कराया। उसके बाद संतोष मिश्रा व राम सोनी को अस्पताल ले जाकर मुलाहिजा कराया गया। अस्पताल से लौटने के बाद दोनो पक्ष ने रिपोर्ट लिखाने से इनकार कर दिया। टीआई श्री चौहान ने बताया, दोनों के खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### बलौदाबाजार अग्निकांड के आरोपी पर जुर्म दर्ज

बिलासपुर। बलौदाबाजार अग्नीकांड के आरोपी पर आपसी सौहार्द को बिगाड़ने, सामाजिक विद्वेष उन्माद फैलाकर दंगा भड़काने की साजिश का आरोप लगाया गया है। पुलिस ने उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, सिम्स के डा. संजय बंजारे ने रिपोर्ट लिखाई है। उन्होंने आरोप लगाया कि बलौदाबाजार अग्नीकांड के आरोपी जितेन्द्र बंजारा द्वारा फेसबुक में अपने अकाउंट पर झझपुरी की घटना को लेकर वर्ग विशेष को उकसाने के लिए वीडियो अपलोड कर वायरल किया गया है। इसमें अनेक राजनीतिक दलों, राजनेताओं और सामाजिक संगठनों के विरूद्ध आधारहीन अनर्गल आरोप और अत्यंत आपत्तिजनक भाषा का उपयोग किया गया है। पिछले कुछ समय से लगातार वीडियो फेसबुक में डालकर फैलाया रहा है। पुलिस ने जितेन्द्र बंजारा के खिलाफ बीएनएस की धारा 196, 296, 299, 302, 351, 352 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

**ग्राम पंचायतों का बनवाया जा रहा क्यूआर कोड**

**समर्थ पोर्टल में ग्रामीणों के अचल संपत्ति की रहेगी जानकारी**

# पंचायतों के पास संपत्तियों का डाटा ही नहीं, आनलाइन टैक्स जमा कराने की कवायद

**बिलासपुर।** पंचायतों के पास ग्रामीणों के मकान, दुकान जैसे अचल संपत्तियों की अपडेटेड जानकारी नहीं है। वहीं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा शहरों नगरीय निकायों की तरह ही ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स जमा करने के एप लागू किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों में समर्थ पोर्टल के माध्यम से आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कराने की दिशा में काम चल रहा है और बिलासपुर जिला ही नहीं पूरे छत्तीसगढ़ के सभी पंचायतों का क्यूआर कोड बनवाया जा रहा है। इसके साथ ही ग्रामीणों के अचल संपत्ति की सालों पुरानी जानकारी पोर्टल में दर्ज कराई जा रही है।




शासन द्वारा ग्राम पंचायतों में भी लोगों से प्रापर्टी टैक्स लेने का प्रावधान किया गया है। हालांकि शहरों की तरह ग्रामीण क्षेत्रों में टैक्स वसूली को लेकर उतना सख्ती नहीं बरता जाता और न ही नगरीय निकायों के तरह अधिक टैक्स लगता है। लेकिन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग ग्राम पंचायतों में भी नगरीय निकायों की तरह आनलाइन प्रापर्टी टैक्स की दिशा में काम कर रही है। भारत सरकार के समर्थ पोर्टल के माध्यम से शीघ्र ही ग्रामीण भी आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकेंगे। यह व्यवस्था शासन की डिजिटल इंडिया एवं ई-गवर्नेंस की सोच को सशक्त बनाने की दिशा में एक कदम है। ऐसा माना जा रहा है कि समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रापर्टी टैक्स भुगतान की सुविधा शुरू होने से ग्रामीण क्षेत्रों में पारदर्शिता बढ़ेगी और टैक्स वसूली की प्रक्रिया सरल, त्वरित व भरोसमंद होगी तथा सरपंच या सचिव टैक्स वसूली में फर्जीवाड़ा नहीं कर सकेंगे। इसके अलावा लोगों को ग्राम पंचायत कार्यालय के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा और वे अपने मोबाइल, कंप्यूटर एवं अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र या सीएससी के माध्यम से आसानी से आनलाइन टैक्स का भुगतान कर सकेंगे।

### पोर्टल व आनलाइन टैक्स की दी जा रही ट्रेनिंग

जिला पंचायत सीईओ संदीप अग्रवाल के निर्देश से जनपद स्तर पर अधिकारियों-कर्मचारियों को तथा पंचायत सचिवों को आनलाइन समर्थ पोर्टल, पंचायत पोर्टल, संपदा ऐप एवं निर्णय एप के प्रभावी उपयोग को लेकर प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसका उद्देश्य पंचायत स्तर पर योजनाओं के क्रियान्वयन, परिसंपत्तियों के प्रबंधन एवं ग्राम सभा निर्णय प्रक्रिया को अधिक पारदर्शी, त्वरित और डिजिटल रूप से सशक्त बनाना है। प्रशिक्षण दौरान समर्थ पंचायत पोर्टल माध्यम से पंचायत संबंधी कराधान कार्यों की आनलाइन मानिटरिंग, संपदा ऐप द्वारा पंचायत की चल-अचल संपत्तियों के डिजिटल अभिलेख तैयार करने तथा निर्णय ऐप के माध्यम से शासन स्तर से प्राप्त निर्देशों और निर्णयों की समयबद्ध जानकारी भी दी गई है।

### आनलाइन भुगतान की रसीद डाउनलोड कर सकेंगे

इस सिस्टम अंतर्गत सभी ग्राम पंचायतों का क्यूआर कोड बनवाया जा रहा है। इसके साथ ही अचल संपत्तियों का डिजिटल रिकार्ड तैयार किया जा रहा है, जिससे टैक्स निर्धारण में स्पष्टता आएगी। पोर्टल पर लॉगिन कर ग्रामीण अपनी प्रापर्टी का विवरण देख सकेंगे तथा देय की जानकारी भी प्राप्त कर सकेंगे। इसी तरह आनलाइन टैक्स भुगतान की रसीद भी डाउनलोड कर सकते हैं। इससे समय बचेगा और अनावश्यक विवादों से बचा जा सकता है।

### ग्रामीण विकास कार्यो में खर्च होगी राशि

समर्थ पोर्टल के जरिए ग्रामीणों से जो प्रापर्टी आनलाइन जमा होगा। वह राशि ग्राम पंचायत के बैंक एकाउंट में जाएगा। टैक्स से प्राप्त राशि का उपयोग ग्राम पंचायतों में विकास कार्यो जैसे सड़क, नाली, पेयजल, स्वच्छता, स्ट्रीट लाईट व मूलभूत सुविधाओं के विस्तार में किया जाएगा। इससे ग्राम पंचायतों की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ होगी और स्थानीय विकास को गति मिलेगी।

### पोर्टल में दर्ज हो रही जानकारी

समर्थ पोर्टल के माध्यम से ग्राम पंचायतों में भी लोगों को आनलाइन टैक्स जमा करने की सुविधा देने की दिशा में काम चल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों के कामर्शियल प्रापर्टी सहित मकानों की जो जानकारी पंचायतों के पास है और जिसके आधार पर मैनुअल टैक्स पंचायत द्वारा लिया जाता था उसे ही अभी आनलाइन पोर्टल में दर्ज कराया जा रहा है।

-संदीप अग्रवाल
सीईओ, जिला पंचायत

### पंचायत सचिवों को ट्रेनिंग दे रहे

पूरे राज्य में सभी ग्राम पंचायतों में आनलाइन टैक्स जमा करने के लिए काम चल रहा है। समर्थ पोर्टल के जरिए ग्रामीण आनलाइन प्रापर्टी टैक्स जमा कर सकेंगे, जिसकी प्रक्रिया चल रही है और पंचायत सचिवों को ट्रेनिंग दी जा रही है। जहां तक प्रापर्टी के डाटा वाली बात है तो पंचायतों के पास जो पुराना जानकारी है उसे ही अभी पोर्टल में दर्ज कराया जा रहा है।

-शिवानी सिंह, डिप्टी डायरेक्टर, पंचायत विभाग

**जेसीबी, ट्रक और बस जैसी बड़ी गाड़ियों को खींचकर विभाग ने की थी कार्रवाई**

# 10 सालों से परिवहन विभाग के कार्यालय में खड़ी 15 गाड़ियां कबाड़ में हो चुकी हैं तब्दील

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

बकाया टैक्स नहीं पटाने के मामले में परिवहन विभाग द्वारा की गई सीजिंग अब विभाग के लिए ही सिरदर्द बन चुकी है। सालों से परिसर में खड़ी 15 गाड़ियां सरकारी कामकाज का मुंह चिढ़ा रही है। गाड़ियों के मालिकों ने सरकार को टैक्स का चुना लगाया है लेकिन विभाग उसने वसूल करने में पस्त हो चुका है। वहीं दूसरी ओर कार्यालय में खड़ी गाड़ियां अब कंडम हो चुकी है।

- अब विभाग के माथे में इसे ठिकाने लगाने का ठेका

लाखों रूपए के टैक्स बकाया राशि की भरपाई के लिए परिवहन विभाग हर साल कार्रवाई करता है, इस दौरान टैक्स नहीं पटाने के मामले में गाड़ियों की सीजिंग प्रक्रिया अपनाई जाती है। गाड़ियों को खींचकर कार्यालय में खड़ी कर दी जाती है। इसमें ज्यादातर कार्रवाई परिवहन विभाग की फ्लाइंग स्क्वाड द्वारा की जाती है। वर्तमान में लगरा स्थित क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी के कार्यालय में 15 गाड़ियां सालों से खड़ी जंग लग रही है। इसमें जेसीबी, बस, ट्रक, मेटाडोर शामिल है। इन गाड़ियों की पुछपरख करने वाला कोई नहीं है, कई गाड़ियों से नंबर प्लेट तक गायब हो चुके है। गाड़ियां अब कबाड़ में तब्दील होने लगी है लेकिन विभाग इन्हें हटा नहीं पा रहा है। दरअसल इसके हटाने के लिए उच्च कार्यालय की परमिशन की जरूरत है, लेकिन अधिकारियों को काम से फुरर्सत नहीं मिल रही है, जिसके चलते गाड़ियां कबाड़ में भी नहीं बिक रही है।



लगरा स्थित आरटीओ कार्यालय में कबाड़ पड़ी गाड़ियां।

### परिसर में बनेगा ई लर्निंग टैक

बताया जा रहा है कि लगरा स्थित परिसर में ही कम्प्यूटराईड व सैमुलेटेड मशीनों के परीक्षण के आधार पर ड्राइविंग लाइसेंस बनाए जाने की योजना है। रायपुर की तर्ज पर बिलासपुर में भी आटोमेटिक ड्राइविंट टेस्टिंग ट्रैक की स्थापना की जाएगी। इसके लिए विभाग को 1 करोड़ 80 लाख रूपए मिला है। जमीन लगरा स्थित 12 एकड़ जमीन पर बनाया जाना है लेकिन इससे पहले परिसर को खाली किया जाना जरूरी हो चुका है।

### जल्द कार्रवाई की जाएगी

कर्मचारियों को कबाड़ हो चुकी गाड़ियों को हटाने के लिए कहा गया है लेकिन कई गाड़ियों के दस्तावेज नहीं मिले, जिसके चलते काम पूरा नहीं हो सका है। इस संबंध में उच्च कार्यालय से दिशा निर्देश लिए जा रहे है। जल्द ही कार्रवाई की जाएगी।

**-असीम माथूर**, आरटीओ, परिवहन विभाग

**ई-केवायसी नहीं हो सकी**

# डेढ़ लाख कार्डों से इस माह भी खाद्यान्न आबंटन में कटौती

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



ई-केवायसी अपडेट नहीं होने के कारण फरवरी माह में भी शासन स्तर से 1 लाख 44 हजार राशनकार्डधारी सदस्यों का खाद्यान्न आबंटन रोक दिया गया है। जनवरी महीने में यह संख्या करीब पौने दो लाख थी। तीस हजार लोगों ने जागरूकता दिखाते हुए ई-केवायसी अपडेट कराया था, जिससे उनका आबंटन रिलीज किया गया है।

- जनवरी माह में 30 हजार लोगों ने ई-केवायसी अपडेट कराया

राशनकार्डधारी सदस्यों का ई-केवायसी अपडेट नहीं होने के कारण फरवरी माह में भी जिले से बड़ी संख्या में कार्डधारी सदस्यों का खाद्यान्न आबंटन रोक दिया गया है। जिले में कार्डधारी सदस्यों की कुल संख्या 18 लाख 30 हजार 312 है, जिनमें 16 लाख 79 हजार 962 सदस्यों के ई-केवायसी अपडेट किए जा चुके हैं। इसके विपरीत 1 लाख 44 हजार 336 सदस्यों द्वारा अब तक केवायसी अपडेट नहीं कराया गया है। केवायसी नहीं कराने वालों में 1 लाख 2 हजार 77 सदस्य बीपीएल राशनकार्डधारी हैं, जबकि 42 हजार 259 एपीएल कार्डधारी शामिल हैं। ई-केवायसी को लेकर शासन सख्त रवैया अपना रहा है, क्योंकि इसके लिए एक साल पहले से ही निर्देश दिए जा चुके थे। जिले में ज्यायादातर लोगों के ई-केवायसी अपडेट हो चुके हैं, लेकिन जिनके नहीं हो सके हैं, उनका आबंटन सिर्फ इसलिए रोका जा रहा है, ताकि उन्हें ई-केवायसी के लिए प्रेरित किया जा सके। ई-केवायसी होने की स्थिति में सबका आबंटन जारी कर दिया जाएगा।

### ग्राम पंचायत व नगरीय निकायों को भेजा पत्र

खाद्य विभाग द्वारा अपने स्तर पर तो ई-केवायसी कराए ही जा रहे हैं, लेकिन इसे अभियान के तौर पर चलाते हुए इस कार्य के लिए ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों को भी पत्र लिखा गया है, ताकि इन संस्थाओं द्वारा अपने अधीनस्थ क्षेत्रों में रहने वाले राशन कार्डधारियों को ई-केवायसी के लिए न केवल प्ररित किया जाए, बल्कि केवायसी कराया भी जाए।

### ई-केवायसी के लिए किया जा रहा जागरूक

कार्डधारियों के द्वारा लगातार ई-केवायसी कराए जा रहे हैं। जनवरी में केवायसी नहीं कराने वालों की संख्या कुछ और थी, और अब फरवरी में घटकर और कम हो चुकी है। इसके लिए ग्राम पंचायतों व नगरीय निकायों को भी पत्र लिखा गया है, ताकि अधिक से अधिक कार्डधारियों को ई-केवायसी के लिए जागरूक किया जा सके।

**-अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

# ग्रीन लाइट होने पर जल्दी निकलने के फेर में बस ने स्कूटी को ठोका, छात्रा घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

ग्रीन लाइट होने पर जल्दी निकलने के फेर में बस के ड्राइवर ने स्कूटी सवार छात्र को टक्कर मार दिया। दुर्घटना में छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। स्कूटी बस में फंस गई, जिसे निकालने में मशक्कत करनी पड़ी। हादसे के बाद ट्रैफिकजाम हो गया और वाहनों की लंबी कतार में एक एम्बुलेंस भी फंस गया। मौके पर मौजूद ट्रैफिक जवानों नेबड़ी मुश्किल से एम्बुलेंस को जाम से बाहर निकाला।

3 फरवरी को स्कूल की छुट्टी होने पर एक छात्रा परिजन के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 10 सीसी, 6574 में बैठकर घर जा रही थी। दोपहर 12 बजे महाराणाप्रताप चौक में ट्रैफिक सिग्नल रेड होने पर खड़ी थी। ग्रीन सिग्नल होने पर जल्दी जाने के फेर में बस क्रमांक सीजी 10 एएम, 7344 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए स्कूटी को टक्कर मार दी। स्कूटी बस में फंस गई और छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई।



दुर्घटना के बाद बस के नीचे दबी स्कूटी।



स्कूटी सवार घायल छात्रा।

हादसे के बाद लोगों के द्वारा जमकर हंगामा मचाया गया। चौक में तैनात ट्रैफिक पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे और लोगों को शांत कराने की कोशिश की। हादसे के बाद वाहनों की लंबी कतार लग गई और मरीज लेकर जा रहा एम्बुलेंस में फंस गया। इसके बाद परिजन घायल छात्रा को इलाज कराने के लिए ले गए। बस के नीचे स्कूटी को निकाला गया। उसके बाद ट्रैफिक पुलिस ने दोनों गाड़ियों को सिविल लाइन थाने में खड़ा करा दिया। सिविल लाइन टीआई एसआर साहू ने कहा कि पीड़ित पक्ष ने अभी तक रिपोर्ट नहीं लिखवाई है।

### लेफ्ट साइड बंद

चौक में लेफ्ट साइड में ट्रैक्टर खड़ी कर जाम कर दिया गया था। जिससे लेफ्ट साइड जाने वाले भी फंस रहे थे। इसी के चलते चौक में ट्रैफिक का दबाव अधिक बढ़ गया था। ग्रीन लाइट होने पर वाहन सवार जल्दी निकलने के फेर में गाड़ी चला रहे थे।

# सिम्स में विद्युत व्यवस्था, सबस्टेशन में होगा डबल फीडर : संभागायुक्त

**बिलासपुर।** छत्तीसगढ़ आयुर्विज्ञान संस्थान की स्वशासी समिति बैठक संपन्न कराई गई। इस दौरान बैठक में अध्यक्षता संभागायुक्त सुनील जैन ने की, वहीं कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे उपस्थित रहे। शाम 5 बजे नवीन कौंसिल कक्ष में हुई बैठक में प्रतिवेदन पर विस्तृत चर्चा की गई।

शैक्षणिक एवं चिकित्सकीय व्यवस्थागत मुद्दों पर विस्तृत चर्चा के बाद अनुमति मिल गई है। जिसमें विद्युत व्यवस्था को दुरूस्त करने सबस्टेशन में डबल फीडर स्थापना,नवीन गैस मैनीफोल्ड रूम, फिमेल सर्जिकल वार्ड का नवीनीकरण, सीटी स्केन, एमआरआई एवं अन्य रेडियोलॉजिकल जॉच को प्रायवेट रेडियोलॉजिस्ट द्वारा टेली रिपोर्टिंग,मरीजों के लिए कूलर की व्यवस्था जैसे कार्य किए जाएंगें। नवीन स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में हुई वृद्धि कुल 19 विषयों पर 91 सीट होने पर सिम्स प्रबंधन की प्रशंसा जाहिर की गई। स्नातक एवं स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की सीट वृद्धि हेतु संबंद्धता शुल्क, चिकित्सालय हेतु कार्यालयीन व चिकित्सकीय फर्नीचर एवं ई- आफिस संचालन हेतु नवीन कम्प्युटर, प्रिंटर खरीदी के लिए अनुमति दी गई है। बैठक में डीन रमनेश मूर्ति, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, नोडल अधिकारी डॉ. भूपेन्द्र कश्यप, डॉ. हेमलता ठाकुर, उपायुक्त एचएस चौहान,उपायुक्त डॉ. स्मृति तिवारी,सीएमएचओ डॉ. शुभा गरेवाल उपस्थित रहे।




# अंतर विद्यालयीन चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल हुए 100 से अधिक प्रतिभागी



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ब्रिलिएंट पब्लिक स्कूल में सीबीएसई सहोदया स्कूल काम्प्लेक्स द्वारा अंतर विद्यालय चित्रकला प्रतियोगिता शनिवार को आयोजित की गई थी। जिसमें सहोदया समूह के 9 स्कूल जिसमें डीपीएस बालको, निर्मला इंग्लिश स्कूल, विन्सेंट पल्लोटी, सेंट जेवियर्स, सर्वमंगला, ब्रिलिएंट, लायंस पब्लिक स्कूल, इंडस पब्लिक स्कूल व करियर पब्लिक स्कूल के 100 से अधिक प्रतिभागी शामिल हुए।

प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्रों में रचनात्मकता, कल्पनाशक्ति एवं कला के प्रति रुचि को प्रोत्साहित करना था। छात्रों की कक्षा के अनुसार प्रतियोगिता 3 वर्ग में आयोजित हुई। जिसमें ग्राम जीवन, शीत ऋतु व वन दृश्य विषय दिया गया। प्रधानाचार्य सचिन शुक्ल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संस्था की अध्यक्ष अंजलि अग्रवाल ने कहा कि सहोयदा जैसे मंच बच्चों को आत्मविश्वास और आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। निदेशक आशीष अग्रवाल ने कला को व्यक्तित्व निर्माण का महत्वपूर्ण साधन बताया। प्रतियोगिता में समूह (अ) में डीपीएस के कबीर साहू, अन्जनेया चौहान ने क्रमशः प्रथम एवं द्वितीय पुरस्कार तथा निर्मला स्कूल के यक्षिता पटेल ने तृतीय पुरस्कार प्राप्त किया। समूह (ब) में दिल्ली पब्लिक स्कूल के महिमा साहू, बिन्सेंट पलोटी स्कूल के विकसित दीक्षित तथा निर्मला स्कूल की मनीषा यादव ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। समूह (स) में सेंट जेवियर स्कूल की स्तुति दुबे, ब्रिलियंट पब्लिक स्कूल के इश्मीत सिंह, जेवियर के रघवी रंजन प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान प्राप्त किया। समापन समारोह में विजेताओं को पुरस्कृत किया गया।

**सिविल लाइन थाने का मामला**

# मोबाइल हैक कर युवक से 2.50 लाख रुपए की आनलाइन ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

मोबाइल हैक कर एक युवक से 2.50 लाख की आनलाइन ठगी कर ली गई। पुलिस अपराध कायम कर जांच में जुट गई है।

नागदौने कालोनी निवासी शुभम साहू पिता चंद्रप्रकाश साहू (28 साल) ने रिपोर्ट लिखवाई है कि 31 जनवरी को उनका मोबाइल हैक कर अलग अलग किस्तों में 2 लाख 50 हजार 900 रुपए दूसरे बैंक खाते में ट्रांसफर कर आनलाइन ठगी कर ली गई है।

उन्होंने बैंक जाकर स्टेटमेंट निकलवाया तब उन्हें रकम ट्रांसफर होने की जानकारी हुई। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# एडीबी प्रतिनिधि मंडल ने एटीआर में देखी वन्यप्राणियों की आवास व्यवस्था

**बिलासपुर।** एडीबी यानि एशियन डेवलपमेंट बैंक का प्रतिनिधि मंडल अचानकमार टाइगर रिजर्व पहुंचा, जहां उन्होंने जंगल के अंदर वन्यप्राणियों के संरक्षण व संवर्धन को देखने के बाद एटीआर प्रबंधन ने आवास संरक्षण व भविष्य की कार्ययोजना पर विचार विमर्श किया।

मंगलवार को प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं मुख्य वन्यप्राणी अभिरक्षक पीसीसीएफ एंड सीडब्लूएसडब्लू के मार्गदर्शन में एशियन डेवलपमेंट बैंक एडीबी के अधिकारियों की एक टीम ने अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर व



बफर जोन का भ्रमण किया। इस दौरान एडीबी की टीम ने रिजर्व में संचालित विभिन्न संरक्षण गतिविधियों का विस्तृत अवलोकन करते हुए वर्तमान वित्तीय आवश्यकताओं एवं अंतरालों का आकल करने के बाद वन्यप्राणी प्रबंधन एवं आवास संरक्षण के लिए भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की। भ्रमण के दौरान मुख्य वन संरक्षक वन्यप्राणी एवं फील्ड डायरेक्टर, एटीआर के उप संचालक, सहायक संचालक कोर एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने एडीबी प्रतिनिधिमंडल को रिजर्व में संचालित प्रमुख संरक्षण पहल, समुदाय आधारित प्रबंधन मॉडल, ईको डेवलपमेंट गतिविधियों एवं वैज्ञानिक निगरानी तंत्रों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। शिवतराई के इंटरप्रीटिशियन सेंटर में प्रथम पाली मास्टर ट्रेनर डब्लूडब्लूएफ टीम से उपेन्द्र दुबे सीनियर प्रोजेक्ट अफसर, वरिष्ठ परियोजना अधिकारी डॉ. अनुराग विश्वकर्मा ने वनस्पति की पहचान, आंकड़े की एकत्रीकरण एवं कैमरा ट्रैपिंग के उपयोग के संबंध में प्रशिक्षण दिया।

## खबर संक्षेप

### दिव्यांग संघ ने मांगा सामुदायिक भवन

**कोरबा।** दिव्यांग संघ ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर दिव्यांग समुदाय के सुविधा के लिए मंगल भवन बनाने हेतु मिनीमाता कन्या महाविद्यालय के पीछे जमीन आबंटित करने की मांग की है। ज्ञापन में लक्ष्मी प्रसाद, जिला कमेटी के सदस्य ने बताया कि अन्य जाति समुदाय समाज को जिस तरह सामुदायिक भवन व मंगल भवन बनाने हेतु आर्थिक सहायता प्रदान किया गया है उसी तरह दिव्यांग संघ को भी सामुदायिक भवन व मंगल भवन बनाने हेतु जमीन आबंटित की जाए।

### पहाड़ी कोरवाओं की बस्ती सरडीह में टंकी बनी फिर भी जलापूर्ति बाधित

**कोरबा।** विकासखंड कोरबा की रजगामार पंचायत में शामिल सरडीह गांव में लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने की मंशा से पानी टंकी का निर्माण हो गया है। काफी अरसा पहले इस काम को पूरा किया गया। पाइप लाइन भी बिछा दी गई। कनेक्शन भी हो गए लेकिन आपूर्ति मुश्किल में है। वजह यह है कि गैर पंरपरागत विकल्पों पर काम किया गया है। ऐसे में सोलर पैनल या अन्य कारण से जलापूर्ति 30 मिनट से अधिक नहीं हो पा रही है। जिला मुख्यालय से लगभग 50 किलोमीटर दूर सरडीह गांव में मुख्य रूप से पहाड़ी कोरवा परिवार निवासरत हैं। तमाम प्रयासों के बाद भी उन्होंने दूसरी जगह पर पुनर्वास के विकल्प को नहीं चुना, इसलिए यहां सुविधाओं की बढ़ोत्तरी की गई। पक्की सडक़ के साथ बुनियादी सुविधाएं यहां पर दी गई है। काफी समय तक ये लोग आसपास के स्त्रोतों से पानी की सुविधा प्राप्त कर रहे थे। इसके कारण कई तरह की समस्या उनके सामने थी। बार-बार ऐसी स्थिति से दो-चार होने के कारण ये लोग तो परेशान होते ही थे, सरकार के तंत्र के सामने भी चुनौतियां आती थी। इसलिए सरकार की योजना के तहत यहां पानी टंकी का निर्माण पूरा करा लिया गया।

### अखबार वितरक संघ ने महापौर के जन्मदिन पर आयोजित किया समारोह



**कोरबा।** छत्तीसगढ़ अखबार वितरक संघ की कोरबा इकाई ने महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के जन्मदिन पर संयुक्त खुशियां बांटने के लिए टीपी नगर स्थित प्रदेश कार्यालय में संक्षिप्त लेकिन महत्वपूर्ण समारोह आयोजित किया। संघ के सदस्यों ने महापौर का भव्य आत्मिक स्वागत किया। महापौर ने कहा कि अखबार वितरक संघ के सदस्यों का जीवन चुनौतीपूर्ण है लेकिन उनके हौसलों को नमन करने का दिल करता है। मैं जनता से मिले प्यार-दुलार से अभिभूत हूं। जनता का ही यह स्नेह है कि मुझे ऐतिहासिक 45 हजार वोटों से जीता कर इस मुकाम तक पहुंचाया और आज मेरे जन्मदिन पर असीम खुशियां लुटाईं, यही मेरी असली पूंजी है और जगह-जगह अपनी इस बेटी के लिए समारोह आयोजित किया।

### जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित

**कोरबा।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, नागरिकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क सुरक्षा प्रबंधन को मजबूत बनाने हेतु जिला प्रशासन द्वारा व्यापक कार्ययोजना लागू की गई है। इसी क्रम में कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देश पर प्रभारी कलेक्टर आशुतोष पाण्डेय की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई, जिसमें पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, आरटीओ तथा खनिज विभाग के अधिकारियों ने सड़क मार्गों की वर्तमान स्थिति और सुरक्षा सुधार कार्यों की विस्तृत प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। बैठक में बैराघाट, पोडीकला घाट, लैंगा स्कूल मार्ग, कुकरीचोली मार्ग, उरगा चौक, मड़वारानी ओवरब्रिज, जिला अस्पताल से गोढ़ी मार्ग, पुलिस लाइन से दीपका मार्ग, राताखर चौक और बजरंग चौक सहित जिले के अनेक संवेदनशील एवं अत्यधिक व्यस्त मार्गों की समीक्षा की गई।

## निधन

### तेज प्रताप सिंह



**कोरबा।** पावर हाइट निवासी पूर्व बालको कर्मी तेज प्रताप सिंह 83 वर्ष का कोरबा के निजी चिकित्सालय में मंगलवार की सुबह निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा पूरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए। वे राजेश सिंह, मोहन सिंह के पिता थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम बालको सेक्टर 5 में 4 फ़रवरी को 11 बजे किया जाएगा।

# संस्कार और प्रतिभा का संगम बना देवपुत्र बाल महोत्सव

## सरस्वती शिशु मंदिर में आयोजित हुआ कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

**खास बात**

- बच्चों को उत्कृष्ट संस्कार प्रदान करने शिशु मंदिरों में चल रहा है कार्यक्रम



अलग खबर

विद्याभारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान से संबंद्ध सरस्वती शिक्षा संस्थान छत्तीसगढ़ रायपुर के अन्तर्गत सरस्वती बाल कल्याण न्यास इन्दौर म.प्र. के तत्वावधान में देवपुत्र बाल महोत्सव सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य0 विद्यालय, सी.एस.ई.बी. कोरबा में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन समारोह में गोपाल महेश्वरी के मुख्य आतिथ्य व डॉ. देवनारायण साहू प्रांतीय संगठन मंत्री, सरस्वती शिक्षा संस्थान छ.ग. रायपुर, जुड़ावन सिंह ठाकुर उपाध्यक्ष, चंद्रकिशोर श्रीवास्तव, जोगेश लाम्बा सचिव/ व्यवस्थापक, सरस्वती शिक्षा समिति, कोरबा के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। देवपुत्र पत्रिका संपादक गोपाल महेश्वरी ने कहा कि हमारा प्राचीन भारतीय संस्कार हमारे सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में आज भी जीवंत रूप से विद्यमान है तथा बच्चों को यह उत्कृष्ट संस्कार प्रदान किये जा रहे हैं। सच्ची लगन एवं कठिन परिश्रम से तथा गुरूजनों के आशीर्वाद से ही किसी कला में उच्च स्तर तक सफलता प्राप्त की जा सकती है। किसी प्रतियोगिता में सफलता के लिये दृढ़ इच्छा शक्ति एवं आत्म विश्वास का होना जरूरी है। ऐसे ही कार्यक्रमों से आत्मविश्वास का जागरण होता है। हममें क्रमशः सीखने की प्रवृति होनी चाहिए। एकाग्रता से ही विजयश्री प्राप्त होती है। देवपुत्र पत्रिका देश का सबसे ज्यादा प्रकाशित होने वाला पत्रिका है। इस अवसर प्रांतीय संगठन मंत्री डॉ. देवनारायण साहू ने कहा कि हर समय कुछ न कुछ समारोह का आयोजन होते रहता है, इससे मनुष्य सुखी व प्रसन्न रहता है। इस संघर्षमय जीवन को ठीक से जीने के लिये इस प्रकार के उत्सवों का आयोजन आवश्यक है। शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, व आध्यात्मिक सभी क्षेत्रों में मनुष्य का विकास होना आवश्यक है। छोटी-छोटी पुस्तकें पढऩे से ही हमें प्रेरणा मिलती है। उन्होंने हकीकत राय के धर्म के प्रति अटूट आस्था तथा स्वामी विवेकानंद के शिकागो सम्मेलन से जुड़े अनेक प्रेरक कहानियों का संक्षिप्त जानकारी दिये। कार्यक्रम के संयोजक जोगेश लाम्बा ने कहा कि किसी भी कार्य एवं प्रतिस्पर्धा के लिये दृढ़ इच्छा शक्ति, आत्म विश्वास तथा पूर्ण एकाग्रता होनी चाहिए। तभी हम अपने लक्ष्य तक पहुँच सकते हैं एवं अपने दायित्व को पूरी ईमानदारी से निवर्हन कर पायेगें। जैसे अलग-अलग लेखनी का एक सारगर्भित अंश से ही लेखक अपने कार्य को संपादित करता है। हमें भी प्रतिदिन किसी न किसी महापुरूषों के जीवनी का स्वध्याय कर प्रेरणा लेनी चाहिए। इस दौरान दीपक सोनी, गेंदराम राजपूत जिला प्रतिनिधि अर्जुन पटेल, रवीन्द्र सराफ, गौरीशंकर कटकवार तथा नरेश जायसवाल एवं प्रगति नगर, कुसमुण्डा, दर्री, बस स्टैण्ड तथा सीतामढ़ी विद्यालय के प्राचार्य उपस्थित थे।

## निगम आयुक्त ने आयोजन के जोनल व सेक्टर अधिकारी व विद्यालय प्रबंधनों की ली बैठक

# गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड का ताज पहनाने सभी करें सहयोग : आयुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ऊर्जाधानी को स्वच्छता शपथ में गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड का ताज पहनाने के लिए आयोजन के जोनल व सेक्टर अधिकारी शहरवासियों का पूरा सहयोग लें, सम्पूर्ण इच्छाशक्ति के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करें तथा अपने शहर को स्वच्छता का ताज पहनाएं। निगम ने शहरवासियों की सहभागिता से बड़ी सी बड़ी चुनौतियों को पार कर कठिन लक्ष्यों को प्राप्त किया है, अनेक उपलब्धियां शहर के नाम की है, एक बार फिर से उसी जोश व जज्बे की आवश्यकता है कि हम सब मिलकर गोल्डन बुक वल्ड रिकार्ड में दर्ज पुराने रिकार्ड को क्रेक करें तथा एक ऐसा रिकार्ड कोरबा के नाम करें, जिसे क्रेक करने में किसी अन्य को बर्षो लग जाए।

उक्त बातें निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने 6 फरवरी को ऊर्जाधानी को स्वच्छता शपथ में गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड का ताज पहनाने के लिए आयोजित कार्यक्रम के लिए जोनल व सेक्टर अधिकारियों तथा विद्यालयीन प्रबंधन की बैठक ली। महासंकल्प 2026 के बैनर तले कलेक्टर कुणाल दुदावत व महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत के मार्गदर्शन एवं आयुक्त आशुतोष पाण्डेय के दिशा निर्देशन में निगम व जिला प्रशासन के द्वारा गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड की तैयारिया की जा रही हैं। स्वच्छता शपथ की एक ही बैनर में 1 घंटे की समयसीमा में साढे.7 हजार हस्ताक्षर कराने का पुराना गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड है, इस रिकार्ड को क्रेक कर नया रिकार्ड बनाने एवं गोल्डन बुक वर्ल्ड रिकार्ड को अपने नाम करने के लिए 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे से कोरबा के विभिन्न विद्यालयों, विभागों, संस्थानों, संगठनों, प्रतिष्ठानों, जनप्रतिनिधियों, पत्रकारबंधुओं सहित आमनागरिकबंधु घंटाघर कोरबा में जुटेगें तथा कोरबा को उक्त रिकार्ड का ताज पहनाने में अपनी सहभागिता प्रदान करेंगे।



कार्यक्रम को संबोधित करते नगर निगम आयुक्त ।

### 280 मीटर बैनर, 14 जोन, 70 सेक्टर

एक ही बैनर में स्वच्छता शपथ पर 10 हजार से अधिक हस्ताक्षर 1 घंटे की समयसीमा में करने के लक्ष्य को प्राप्त करने हेतु घंटाघर से रविशंकर नगर की ओर जोन वाले मुख्य मार्ग पर यह आयोजन 6 फरवरी को प्रातः 10 बजे रखा गया है, इसके लिए 280 मीटर लंबाई का एक बैनर लगाया जाएगा, जिसे आवश्यक व्यवस्था के मद्देनजर 14 जोन व 70 सेक्टर में विभाजित किया गया है, जहां पर जोनल व सेक्टर अधिकारियों की तैनाती रहेगी, जो सेक्टर समन्वयक व वालेटियर के माध्यम से व्यवस्थाओं को संभालेंगे।

## डबल विकेट टूर्नामेंट का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमुंडा

विकास नगर सीआरसी स्टेडियम में रविवार को डबल विकेट क्रिकेट टूर्नामेंट चौका और छक्के के साथ आयोजन किया गया। जिसमें 32 खिलाड़ियों के साथ 16 टीमों ने ग्रुप बनाकर खेल भावना के साथ अपना परिचय दिया। साथ ही इस खेल का सबसे बड़ा रोमांचक इस्तरीय बने खिलाड़ी जोक अपनी प्रतिभाओं को इस खेल के साथ निखारते हुए लोगों के बीच अपनी प्रतिभा दिखाई खेल सुबह के 10 से प्रारंभ होते हुए संध्या 7 बजे तक चौके और छकों के साथ खेल चली जिसमें निर्णायक 16 टीमों के डबल टूर्नामेंट के एक ग्रुप के खिलाड़ी ने टीम ने मैच को जीतकर अपने नाम किया। साथ ही इस खेल को देखने वाले लोगों में भी काफी उत्साह नजर आए, खेल को सुचारू रूप से खिलौने वाले विश्व हिंदू परिषद के अमरजीत सिंह ने बताया कि खेलने के लिए कोई उम्र नहीं होती आज के समय में युवा पीढ़ियां का खेल का इस्तरीय धीरे-धीरे खत्म होता जा रहा है इसलिए कुछ दिनों से जीआईसी ग्राउंड में सिटी सिटीजन के साथ युवा लड़कों ने खेल को बढ़ावा दिया और संदेश दिया कि खेल से इंसान का शरीर निरंतर बेहतर अच्छा बना रहता है इसीलिए इस तरह के खेल का आयोजन बीच-बीच में करते रहने से लोगों में खेल के प्रति उत्साह बने रहें।

# आनंद रैली के साथ क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच, स्पार्टन बांकी हुई विजयी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



सतगुरु कबीर साहेब समिति का टूर्नामेंट कटघोरा के रामपुर के ग्राउंड में खेला गया। लगातार सतगुरु कबीर साहेब क्रिकेट समिति की तीसरी बार खेल का भव्य खेल स्पर्धा का आयोजन किया गया। इस खेल का मुख्य उद्देश्य नशा मुक्ति एकता अनुशासन और साथ ही अच्छे खिलाड़ियों के प्रतिभाओं को निखारना और शारीरिक मानसिक मजबूती प्रदान जैसी महत्वपूर्ण उद्देश्य के साथ इस खेल का प्रारंभ किया गया, लगातार तीन दिन रामपुर के ग्राउंड में खेला आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में ट्रक एसोसिएशन कोरबा संघ जिला अध्यक्ष जितेंद्र दास उपस्थित रहे। तीन दिवसीय खेल मे फाइनल मैच के स्पार्टन बांकी व ब्लैक पैंथर की टीम के बीच फाइनल मैच खेला गया जिसमें निर्धारित 10 ओवर में 165 रन बनाते हुए स्पार्टन बांकी ने ब्लैक पैंथर को 166 रन की चुनौती दिया गया जिसे सेकंड बैटिंग करते हुए ब्लैक पैंथर ने रन का पीछा करते हुए महज 10 ओवर में 52 रन बनाकर ऑल आउट हो गई वही फाइनल टूर्नामेंट में सर्वाधिक रन बनाने वाले कवि महंत 34 गेंद पर धुंआधार बल्लेबाजी करते हुए 97 रन का विशाल रन अपने नाम किया और अपनी टीम को मजबूत स्थिति पर पहुंचा वही इस टूर्नामेंट की जो भी स्थिति बनी लेकिन दर्शन गण और आए हुए अतिथि के साथ स्कूल के बच्चे वह दर्शन गण ने इस टूर्नामेंट का भरपूर आनंद लिया इस टूर्नामेंट के इनाम के वितरण अध्यक्ष जीतू दास महंत के द्वारा खिलाड़ियों को इनाम वितरण किया प्रथम स्थान के तौर पर स्पार्टन बाकी को मैमंटो वह नगद 7500/- हजार दिया गया, वहीं द्वितीय जावेद के द्वारा पुरस्कार दिया, गया तृतीय पुरस्कार रामू मालवे के द्वारा इनाम इनाम के तौर दिया गया और अंतिम में श्रीधर नायडू के द्वारा खिलाड़ी को शील्ड के साथ इनाम वितरित किया गया।

### स्कूल का ताला तोड़कर 4 नग सोलर बैटरी की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** पसान थाना क्षेत्र अंतर्गत प्रधानपाठक राजेश कुमार खलखो उम्र 40 साल छोटे लाल खलखो ने थाना में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 31 जनवरी को शासकीय प्राथमिक शाला अडसरा को स्कूल में दोपहर 12.30 बजे छुटटी होने पश्चात स्कूल को चपराशी दुर्गेश सिंह अयाम के द्वारा ताला बंद किया गया था। 1 फरवरी को रविवार अवकाश होने के कारण स्कूल बंद था। 2 फरवरी को सुबह करीबन 10 बजे स्कूल आने पर देखा कि स्कूल का दरवाजा का ताला टूटा हुआ था और स्कूल में लगा 4 नग सोलर बैटरी को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। मामले में पसान पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

### गैरेज में चोरों का धावा हजारों का माल पार

**कोरबा।** चैतमा चौकी क्षेत्र अंतर्गत सेंद्रीपाली निवासी एक युवक ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि वह मैकेनिक का काम करता है। वर्तमान में एनएच 130 कपोट चौक के पास कुछ दुरी पर अमरदास निवासी कांजीपानी द्वारा रोड किनारे बनी दुकान को किराये से लेकर दुकान खोला है। 1 फरवरी को युवक अपनी बडी मां की मृत्यु होने से दुकान नहीं गया था। जो 2 फरवरी को शाम को पता चला कि उसके दुकान के पीछे तरफ की दीवाल को तोड़कर कर अज्ञात चोर के द्वारा दुकान के अंदर रखा रिंग पाना, कलच गोटी वाल पाना, आरी ब्लेट, प्लग पाना, एलेग की, इनपेक्ट सेट गलाइन्डर कटर, स्टेपलर एवं गाडी बनाने के सभी पाना पाटर टेक कपंनी का एवं तीन पीस नया ट्यूब, ग्रीप कवर सेट आदि जुमला किमती 15 हजार रुपए का समान की चोरी कर ले गया है। मामले में चैतमा पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर पतासाजी में जुट गई है।

## पृष्ठ 1 का शेष

### जिले के पहुंच...

इस सहमति के बाद बीएसएनएल ने अपने शहर और ग्रामीण अंचलों में प्रस्तावित 140 टॉवर में से 20 टॉवर अनकवर्ड क्षेत्र में लगाने का निर्णय लिया। बीएसएनएल के अधिकारियों ने इन अवकवर्ड क्षेत्रों का निरीक्षण कर एक रिपोर्ट अपने विभाग को प्रेषित की थी। जिसमें स्वीकृति के बाद अब टॉवर लगाने का निर्णय लिया गया है। इन क्षेत्रों में पहली बार कोई मोबाइल कंपनी अपनी टॉवर लगाने जा रही है। इससे उन क्षेत्रों में दूरसंचार की सुविधा शुरु होने के साथ वहां के लोगों को शासकीय योजनाओं की भी ऑनलाइन जानकारी मिल सकेगी।

### ट्रेलर व ट्रक...

में रुस्तम शाह फंस गया। घटना की सूचना मिलने पर उरगा थाना प्रभारी राजेश तिवारी दल बल सहित मौके पर पहुंचे और केबिन में फंसे रुस्तम को निकालने के लिए रेस्क्यू किया गया जब तक उसे केबिन से बाहर निकाला गया तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। जबकि दूसरे ट्रेलर का चालक भी गंभीर रुप से घायल हो गया है जिसे उपचार के लिए स्थानीय अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

### ब्रिज चोरी के...

अधिकारियों से जानकारी मांगी गई तो उन्होंने किसी भी अधिकृत पुष्टि नहीं की है लेकिन सूत्र बताते हैं कि पुलिस अब कबाड़ चोरों से रिकवरी की दिशा पर प्रयास कर रही है। साथ ही उनके द्वारा तैयार की गई संपत्ति की हिस्ट्री भी खंगालना शुरु कर चुकी है।

### पांच घंटे साइलो...

दीपक साहू एवं भूविस्थापित रोजगार एकता संघ के नेता दामोदर श्याम ने बताया कि आउट सोर्सिंग कंपनियों पर प्रभावितों को प्राथमिकता नहीं देने का आरोप लगाते हुए कहा कि बिना सेफ्टी जोन बनाए खदान विस्तार का काम हो रहा है जो कि गलत है पहले सेफ्टी जोन बनाया जाए उसके बाद ही खदान विस्तार का काम करें। खदान विस्तार के लिए हेवी ब्लास्टिंग का प्रयोग किया जा रहा है। आंदोलन में दीपक साहू, दामोदर श्याम, सुक्रिता, राजकुमारी, अमृत बाई, राज कुंवर, जगत सिंह कंवर, सुमेन्द्र सिंह कंवर, मिथलेश, रमेश कठोतिया, गुलाब दास, पवन पाटले, यशवर्धन, राजेंद्र राठौर, रमेश दास, तुलेष बैरागी, बिमल दास, हेतराम, रामायण कंवर, संजय यादव उपस्थित रहे।

# चित्रकला रंगोली से सड़क सुरक्षा का छात्रों ने दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा



सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता लाने के लिए चैतमा आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता सहित अन्य गतिविधियों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागिगयों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लेकर सड़क सुरक्षा के प्रति जागरुकता का संदेश दिया।

प्राचार्य चंद्राणी सोम ने बताया कि आज के आधुनिक युग में यातायात हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग बन चुका है। बढ़ती जनसंख्या और वाहनों की संख्या के साथ सड़क दुर्घटनाएँ भी तेजी से बढ़ रही हैं। ऐसी स्थिति में यातायात नियमों का पालन और सड़क सुरक्षा अत्यंत आवश्यक हो गया है। यातायात व्यवस्था का मुख्य उद्देश्य सड़कों पर वाहनों और पैदल यात्रियों की सुरक्षित एवं सुचारु आवाजाही सुनिश्चित करना है। इसके लिए ट्रैफिक सिग्नल, सड़क चिह्न, ज़ेब्रा क्रॉसिंग, स्पीड लिमिट और यातायात पुलिस की व्यवस्था की गई है। यदि सभी लोग इन नियमों का पालन करें, तो दुर्घटनाओं में काफी कमी लाई जा सकती है। वीरेंद्र कुमार बंजारे कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि सड़क दुर्घटनाओं का प्रमुख कारण लापरवाही है। तेज गति से वाहन चलाना, नशे की हालत में ड्राइविंग, हेलमेट या सीट बेल्ट न पहनना, मोबाइल फोन का उपयोग करना और ट्रैफिक सिग्नल की अनदेखी करना दुर्घटनाओं को जन्म देता है। इनसे न केवल चालक, बल्कि निर्दोष पैदल यात्री भी प्रभावित होते हैं। इस दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना चैतमा डॉ मनोज सिन्हा समन्वयक, जिला संगठक प्रो वाय के तिवारी, चंद्राणी सोम, वीरेंद्र कुमार बंजारे, विजेता चतुर्वेदी, सुरेन्द्र सिंह नेटी, पुष्पा कंवर, चंद्रमुखी साहू, मुरारीलाल धीवर, अंकिता कंवर, पायल कैवर्त, मेघा आर्मो, निबंध प्रतियोगिता सुरेखा कैवर्त, अनुष्का राजपूत, अनसुईया पटेल, रंगोली प्रतियोगिता ग्रुप 11वी भूमिका कंवर, भाग्यश्री पैकरा, सृष्टि सिंह ठाकुर ग्रुप 9वी करीना एक्का, नब्या खूंटे, तान्या चौहान,चांदनी पटेल तुषार, विजय, आयुष, योगेश ने सहभागिता निभाई।

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गांरटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन,सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
20 वर्षों से स्थाई
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी, विदेशी लिंगवर्धक यत्र उपलब्ध है।
मां सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा मो. 9074665998

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र 202509050600039
अ-6/2025-26
ग्राम- कोरबा प०ह०नं० 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संजय केडिया पिता स्व० ओमप्रकाश केडिया निवासी दर्री रोड कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16 रा०नि०मं० कोरबा-1 स्थित भूमि ख0नं0 730/2च में से रकबा 6104 वर्गफीट को आवेदक एवं उसके भाई चन्द्रप्रकाश केडिया के द्वारा पंजीकृत बैनामा विलेख दिनांक 25/08/2006 को क्रय किया गया था। चन्द्रप्रकाश केडिया का निधन दिनांक 25/06/2024 को हो गयी है, जिससे उक्त भूमि को अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 19/02/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 29/01/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा**

**न्यायालय तहसीलदार कोरबा**
**जिला-कोरबा (छ०ग०)**

**ईश्तहार**

रा.प्र.क्र .../अ-6/2025-26
ग्राम- कोरबा प०ह०नं० 16

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विजय कुमार बंजारे पिता मन्सा राम बंजारे जाति सतनामी निवासी LIG-127 महाराणा प्रताप नगर कोरबा तहसील व जिला कोरबा द्वारा ग्राम कोरबा प०ह०नं० 16 में ख0नं0 235/1 स्थित है, जिसमें भूखण्ड / भवन क. LIG-127 क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर को नगर पालिक निगम द्वारा 30 वर्ष की लीज पर दिया गया था। नगर पालिक निगम के द्वारा पंजीकृत हस्तांतरण विलेख दिनांक 09/01/2024 के माध्यम से उक्त भूखण्ड/भवन क. LIG-127 क्षेत्रफल 72.00 वर्गमीटर को आवेदक के नाम पर हस्तांतरण किये जाने से अपने नाम पर नामांतरण किये जाने बाबत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 16/02/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। समयावधि बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 02/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

**तहसीलदार**
**कोरबा**

# खेलों के माध्यम से विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा

**कोरबा।** श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह सम्मेलन के अन्तर्गत विगत दिनों महाविद्यालय प्रांगण में वार्षिक खेलकुद प्रतियोगिता का अयोजन भव्य रूप से किया गया। श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय में वार्षिक खेलकुद प्रतियोगिता के तहत बोरा दौड, म्यूजिकल चेयर, स्लोस्कुटी रेस, रिलेरेस का अयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में लगभग 150 छात्र छात्राओं ने हिस्सा लिया।

इस अवसर पर श्री अग्रसेन कन्या महाविद्यालय के प्राचार्य मनोज कुमार झा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में कुछ ना कुछ सिखने का समय होता हे वे शिक्षा के साथ साथ अन्य गतिविधियों को भी सिखते है जिससे उनके जीवन में सुधार होता है। प्रतियोगिता दो हिस्सों में आयोजित कि गई जिसमें छात्राओं का वर्ग व छात्र का वर्ग अलग अलग अयोजित किया गया। जिसमें प्रतियोगिता में म्यूजिक चेयर में छात्राओं में प्रथम नरेन्द्रर कौर द्वितीय अकांक्षा अग्रवाल तृतीय मेघा शर्मा म्यूजिकल चेयर में छात्रो में प्रथम हेमन्त जांगडे, द्वितीय कौशलेन्द्र सिंह, तृतीय अभिषेक साहू प्रतियोगिता रिले रेस में चार चार प्रतिभागियो कि टीम प्रथम अरूणा बरेठ, शिवागी चौहान, राधिका रजक, सिद्वी श्रीवास द्वितीय ज्योति कंवर, कंचन, क्रांति, गुणवती तृतीय पूजा खेरवार अंकिता महंत, मोहनी सारथी सुरूति सिंह स्लोस्कुटी रेस छात्राऐं प्रथम महेश्वरी साहू द्वितीय केसर मित्तल तृतीय आकांक्ष अग्रवाल स्लोस्कुटी रेस छात्र प्रथम कोशलेन्द्र साहू द्वितीय अभिषेक कुमार बोरा दौड रेस छात्राऐं प्रथम सिवागी चौहान द्वितीय अरूणा बरेठ तृतीय हिना खूटे बोरा दौड छात्रें प्रथम सोलजार साहू द्वितीय अभिषेक कुमार तृतीय हेमन्त जागडे ने प्राप्त किया।

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप



### आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को बांटा गया पाठ्य व खाद्य सामग्री

**कोरबा।** हसदेव ताप विद्युत गृह (एचटीपीएस) कोरबा पश्चिम के संकल्प महिला मंडल (सीनियर क्लब) द्वारा आंगनबाड़ी केंद्र कोहड़िया के बच्चों के बीच गिफ्ट पैकेट पाठ्य व खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। संकल्प महिला मंडल की अध्यक्ष रूक्मणी सिंह ने बच्चों को उपहार देकर उत्साहवर्धन किया। इस अवसर उन्होंने कहा कि महिला मंडल की कार्यकारिणी बच्चों एवं महिलाओं के हित में कार्य करती रहती है। इस मौके पर उपाध्यक्ष प्रियंका पाटले, मनीषा पांडेय, कविता पंड्या, सचिव संगीता कोरम, सहसचिव मंजूषा बरदिया, कोषाध्यक्ष हर्षिता श्रीवास्तव एवं सांस्कृतिक सचिव स्वाति जैन उपस्थित रहीं।

### सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता सहित पांच कर्मचारियों को दी गई विदाई



**कोरबा।** एचटीपीएस कोरबा पश्चिम से माह जनवरी में अधीक्षण अभियंता शैलेष गुप्ता, वरिष्ठ पर्यवेक्षक रमेश कुमार जैस, मदन मोहन पांडेय, कनिष्ठ पर्यवेक्षक ठाकुर राम बरेठ, दिलीप कुमार दीवान और दफ्तरी कुसमा देवी राय सेवानिवृत्त हो गए। सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी व कर्मचारियों को पावर कंपनी परिवार की ओर से विदाई दी गई। मुख्य अभियंता एचके सिंह के हाथों सेवानिवृत्त कर्मचारियों को स्मृतिचिह्न व सेवा प्रमाण-पत्र भेंट किया गया। समारोह में विशिष्टि अतिथि अतिरिक्त मुख्य अभियंता आरके पांडे, केएनबी राव, पीके जोशी, एके शाह, एसके नायर, परियोजना प्रबंधक एसके पंड्या और वरिष्ठ मुख्य रसायनज्ञ एके कुरनाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कल्याण अधिकारी सुरेश सिंह कंवर द्वारा कर्मचारियों के जीवन परिचय का उल्लेख किया गया।

### मोनू बने भाजपा एनजीओ प्रकोष्ठ के प्रदेश सह संयोजक



**कोरबा।** भारतीय जनता पार्टी एनजीओ प्रकोष्ठ के कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव की सहमति से मुख्यालय प्रभारी नवीन मार्कंडेय ने की है जिसमें 9 प्रदेश पदाधिकारी व 18 कार्य समिति सदस्य बनाए गए हैं। जिसमें जिले से अज्ञात यादव उर्फ मोनू यादव को प्रदेश सहसंयोजक बनाया गया है। अज्ञात यादव उर्फ मोनू यादव काफी लंबे समय से पार्टी को मजबूती दिलाने की दिशा में सेवा क्षेत्र में कार्य करते रहे हैं और गरीब असहयों का निरंतर सेवा भी करते रहे हैं। इनके कर्मठता को देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने इन्हें बड़ी जिम्मेदारी दी है। आने वाले समय में इसका लाभ भारतीय जनता पार्टी को मिलेगा।

### भूविस्थापित, किसानो, महिलाओं के लिए निराशाजनक बजट : भुवनेश्वरी

**कोरबा।** जिला महामंत्री महिला कांग्रेस कमेटी कोरबा (ग्रामीण) भुवनेश्वरी दास ने कहा कि भूविस्थापित परिवारों के कम से कम एक सदस्य को पक्की सरकारी नौकरी की पुरानी मांग पर इस बजट में भी कोई स्पष्ट कानूनी गारंटी नहीं दी गई है कौशल उन्नयन को मजबूत करने की बात कही गयी इससे केवल निजी क्षेत्रो को लाभ होगा और कम वेतन और सामाजिक सुरक्षा के अभाव में युवाओं से काम लिया जाएगा। बढ़ती महंगाई को देखते हुए मुआवजे की गणना के फॉर्मूले में किसी बड़े बदलाव का जिक्र नहीं है। स्कूली शिक्षा में आबंटन में कमी कर दी गयी है और सार्वजनिक स्वास्थ्य के बजाय निजी क्षेत्र को बढ़ावा दिया जाएगा जिसके कारण गरीब किसानों को कोई लाभ नही मिल पायेगा। ग्रामीण रोजगार के लिए महत्वपूर्ण योजना में बजट की कमी कर दी गयी है और राज्य सरकारों के भरोसे छोड़ दिया गया है सीधे तौर पर इस योजना को समाप्त करने की दिशा में सरकार कदम उठा रही है। आद्योगिकीकरण से उत्पन्न पर्यावरणीय असंतुलन और प्रदूषण के बढ़ने से लोंगो को स्वास्थ्य जनित समस्याओं से जूझना पड़ेगा किंतु इस बजट में इसके बारे में कोई चिंता नही की गई है।

### नवनिर्माण मकान के दरवाजा तोड़कर लाखों का माल पार

**कोरबा।** थाना दीपका क्षेत्र अंतर्गत पाली रोड दीपका में दारू भट्ठी के सामने प्रार्थी के द्वारा नया मकान का निर्माण कराया जा रहा था। 30 जनवरी को रात्रि 8 बजे अपने नया मकान का गेट में ताला लगा कर घर चला गया था। 31 जनवरी की सुबह 6 बजे जब उसने मकान का ताला खोला तो देखा कि मेन गेट का ताला टुटा हुआ था अंदर जाकर देखा तो दो नग टाईल्स कटर मशीन, एक पुट्टी मिक्सर मशीन, चार नग क्राम्टन कंपनी का वाल फेन, 7 बंडल वाईरिंग तार, 41 नग सिलिंग एलईडी एवं अन्य इलेक्राटीनिक सामान को कोई अज्ञात चोरों के द्वारा चोरी कर ले गये थे। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर जांच में जुट गई है।

# अब अमृत सरोवर स्थलों पर होगा सरोवर संवाद, ग्रामीणों को किया जाएगा जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 के प्रावधानों एवं कानूनी अधिकारों की जन-जागरूकता के उद्देश्य से जिले के समस्त अमृत सरोवर स्थलों पर सरोवर संवाद का आयोजन किया जाएगा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के निर्देशन में यह आयोजन विशेष सूचनात्मक सत्रों के रूप में चौपाल पर चर्चा के माध्यम से किए जाएंगे।

उल्लेखनीय है कि भारत की संसद रा पारित विकसित भारत गारंटी फॉर रोजगार एण्ड आजीविका मिशन (ग्रामीण) वीबी जी राम जी एक्ट, 2025 देश के विकसित भारत 2047 के राष्ट्रीय विजन के अनुरूप एक ऐतिहासिक कानून है, जो अब तक लागू महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा का स्थान लेगा। इस नये अधिनियम के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार गारंटी को 100 दिनों से बढ़ाकर 125 दिन किया गया है, साथ ही सशक्त ग्राम पंचायत योजनाओं के माध्यम से टिकाऊ एवं उत्पादक परिसंपत्तियों के निर्माण पर विशेष बल दिया गया है। मिशन अमृत सरोवर के संशोधित दिशा-निर्देशों के अनुसार, अमृत सरोवर स्थलों को सामाजिक पहलों, राष्ट्रीय पर्वों एवं सामुदायिक गतिविधियों के केन्द्र के रूप में विकसित किया जाना है। इसी क्रम में, ग्राम पंचायत स्तर पर अमृत सरोवर स्थलों पर विकसित भारत जी राम जी एक्ट 2025 के प्रमुख प्रावधानों एवं अधिकार-आधारित लाभों की जानकारी देने हेतु चौपाल पर चर्चा/सरोवर संवाद आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं। इन संवाद सत्रों से ग्रामीणों को 125 दिनों की बढ़ी हुई रोजगार गारंटी मजदूरी, महिला कामगारों, अनुसूचित जाति-जनजाति परिवारों एवं कमजोर वर्गों के लिए उपलब्ध अधिकारों एवं अन्य महत्वपूर्ण प्रावधानों की विस्तृत जानकारी दी जायेगी। सीईओ जिला पंचायत दिनेश कुमार नाग के द्वारा सभी संबंधित अधिकारियों एवं पंचायती राज संस्थानों को निर्देशित किया है कि सभी अमृत सरोवर स्थल पर चौपाल पर चर्चा/सरोवर संवाद का आयोजन किया जाए,जिसमें ग्रामीणों, महिला कामगारों, अनुसूचित जाति/जनजाति परिवारों एवं कमजोर वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित की जाए।आयोजित गतिविधियों का समुचित दस्तावेजीकरण किया जाए।पंचायत निर्णय ऐप के माध्यम से जियो-टैग्ड फोटोग्राफ एवं वीडियो के साथ आयोजन का विवरण अपलोड किया जाए।

## विकसित भारत जी राम जी अधिनियम के प्रावधानों पर होगी चर्चा

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत को सशक्त बनाने बनेगी कार्ययोजना
- उत्पादक और टिकाऊ परिसंपत्तियों का होगा निर्माण



## निगव व पुलिस की संयुक्त टीम की कार्रवाई, जाम से मिलेगी राहत

# फल व्यापारियों ने सड़क पर सजा रखी थी दुकान, बाजार के भीतर कराया गया शिफ्ट



इस तरह फल व्यापारियों किया था कब्जा।



फल दुकानों को शिफ्ट करने के बाद का नजारा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

फल व्यापारियों ने बुधवारी बाजार रोड किनारे अपनी दुकान लगा रखी थी जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था बुरी तरह से बाधित हो रही थी। इस मार्ग से गुजरने वाला हर कोई सड़क पर ही गाड़ी खड़ा कर देता था और सब्जी और फलों की खरीदी करते थे जिसकी वजह से आम लोगों का आना-जाना दुश्वार हो जाता था। यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने फल दुकान को अब बाजार के अंदर शिफ्ट कर दिया है जिससे अब काफी हद तक सड़क जाम से निजात मिल सकेगा।

उल्लेखनीय की शहर की सबसे पुरानी और बड़े बाजार बुधवारी बाजार में सड़क किनारे फल व्यापारियों ने अपना टेंट व तिरपाल लगाकर वर्षों से फल की दुकान लगा रहे थे। सड़क पर दुकान लगाने की वजह से आधे से ज्यादा सड़क पर फल व्यापारियों का कब्जा हो गया था और इस मार्ग में लोगों का आना-जाना मुश्किल हो गया था खास तौर पर बाजार के दिन सड़क पर ही लोगों की चार पहिया और दोपहिया वाहन खड़ा होती थी जिसके चलते सड़क के एक ओर जाम की स्थिति निर्मित हो जाती थी। लगातार जाम की स्थिति निर्मित होने की वजह से यातायात पुलिस भी लगातार बाजार के दिन ट्रैफिक कंट्रोल करने में लगी रहती थी लेकिन इसके बाद भी स्थिति जस की तस बनी रहती थी। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व निगम आयुक्त आशुतोष पांडे ने सड़क पर सजने वाले फल दुकानों को हटाने की दिशा पर पहल की और बुधवार बाजार में दीवार खड़ी की। दीवार खड़े होते ही मंगलवार को यातायात पुलिस सउनि मनोज राठौर की टीम व नगर निगम के अधिकारी कर्मचारियों के टीम के साथ मंगलवार की सुबह बुधवारी बाजार पहुंची और सड़क पर सजने वाले फल दुकानों को हटाने की कार्रवाई की गई। फल व्यापारियों ने अपने-अपने दुकानों को हटाकर बुधवारी बाजार के अंदर शिफ्ट कर लिये हैं। निश्चित तौर पर फल दुकान के अंदर चले जाने से यातायात व्यवस्था काफी हद तक बहाल हो जाएगी और आम लोगों को आने-जाने में सुगम यातायात व्यवस्था मुहैया हो सकेगी।

### बाजार के सामने मैदान में बनाया गया पार्किंग

बुधवारी बाजार मुख्यमार्ग एक ओर नगर निगम द्वारा पार्किंग की व्यवस्था बनाई गई है लेकिन बाजार पहुंचने वाले लोग सड़कों पर ही गाड़ी खड़ा कर देते हैं और पार्किंग स्थल पर गाड़ी खड़ा नहीं करते हैं जिसकी वजह से यातायात व्यवस्था लगातार चरमरा जाती है लेकिन अब नगर निगम और यातायात पुलिस एक्शन में नजरआएगी। पुलिस का कहना है कि आने वाले दिनों में पुलिस पार्किंग में ही वाहनों को खड़ा करने की दिशा पर प्रयास करेगी और यदि सड़क पर वाहन खड़ा पया गया तो उनके खिलाफ लॉक करने की कार्रवाई करेगी।

# जमीन विवाद पर हत्या करने वाले पिता पुत्र को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दो साल पूर्व जमीन विवाद को लेकर हुए हत्या के मामले में पिता पुत्र के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर न्यायालय ने आजीवन कारावास व पांच सौ रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है।

अतिरिक्त लोक अभियोजक कटघोरा दिलीप झा द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि वर्ष 2023 में हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत लक्ष्मीनारायण का बड़ा भाई कौशल प्रसाद तिवारी अपने पुत्र अशोक तिवारी के साथ मिलकर, लक्ष्मीनारायण से पैतृक जमीन की बात पर वाद विवाद किया था और कौशल प्रसाद तवारी अपने हाथ में रखे टंगिया से एवं आरोपी अशोक तिवारी अपने हाथ में रखा डण्डा से लक्ष्मीनारायण के सिर पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया था जिससे उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर न्यायालय में पेश किया था। उक्त प्रकरण में विचारण के दौरान तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश कटघोरा पीठासीन अधिकारी एचके रात्रे के द्वारा साक्षियों के कथन एवं घटना के तथ्यों का सूक्ष्म विश्लेषण करते हुए घटना को संदेह से परे प्रमाणित पाते हुए आरोपीगण को आजीवन सश्रम कारावास एवं 5 सौ रूपये के अर्थदण्ड से दंडित किया। प्रकरण में शासन की ओर से पैरवी अतिरिक्त लोक अभियोजक दिलीप झा ने की।

# कलश यात्रा के साथ शिव महापुराण कथा व रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



रविशंकर नगर में धर्म, आस्था और भक्ति के वातावरण के बीच भव्य कलश यात्रा के साथ श्री शिव महापुराण कथा का विधिवत शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में मातृशक्ति एवं श्रद्धालु पारंपरिक वेशभूषा में सिर पर कलश धारण कर कपिलश्वर शिव मंदिर से निहारिका साडा स्थित शिव मंदिर के लिये नगर भ्रमण पर निकले। कलश यात्रा के दौरान जयकारों, भजन-कीर्तन बैंड बाजा और ढोल-नगाड़ों से पूरा नगर शिवमय हो उठा। कलश यात्रा के पश्चात आयोजन स्थल पर श्रीमद्भागवत एवं शिव महापुराण कथा का आरंभ हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। अयोध्या से आये कथा वाचक श्री हनुमान दास जी द्वारा भगवान शिव की महिमा, भक्ति, वैराग्य तथा मानव जीवन में धर्म और सदाचार के महत्व पर भावपूर्ण प्रसंग सुनाए गए। कथा श्रवण के दौरान श्रद्धालु भावविभोर होकर भक्ति में लीन नजर आए। कपिलश्वरनाथ महिला मंडल सेवा समिति के द्वारा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए पेयजल, बैठने एवं सुरक्षा की समुचित व्यवस्था की गई थी। समिति कि संरक्षिका श्रीमती सुधा झा ने इस शिव महापुराण कथा और रूद्र महायज्ञ मे अधिक से अधिक श्रद्धालुओं से कथा श्रवण कर धर्मलाभ अर्जित करने की अपील की है।

# शासन की सभी योजनाओं का लोगों को मिल रहा लाभ : लखनलाल



बटन दबाकर राशि जारी करते उद्योग मंत्री।

**खास बात**

- श्रम मंत्री और बीओसी अध्यक्ष ने बटन दबाकर 9328 श्रमिकों के खाते में डाले 18 .23 करोड़ की राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और और मुख्यमंत्री विष्णु देव साय दोनों के मंशा अनुरूप प्रदेश के श्रमिक भाई बहनों के साथ साथ उनके परिवार जनों की शिक्षा,स्वास्थ्य, सुरक्षा उपकरण, खेल प्रोत्साहन, सशक्तिकरण,आवास,पेंशन समेत सभी योजनाओं का बेहतर तरीके से क्रियान्वन कर समय सीमा में योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है। साय सरकार श्रमिक हितेषी सरकार है। मुख्यमंत्री श्री साय के निर्देश पर विगत दो वर्षों में अब तक श्रम विभाग के अधीन सभी मंडलों से 8 सौ करोड़ से अधिक की राशि श्रमिक भाई बहनों के खाते में अंतरित की जा चुकी है।

उक्त बातें उद्योग व श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन ने राजधानी में आयोजित संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल की बोर्ड की बैठक के दौरान कही। उन्होंने कहा कि सिर्फ छग भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल से ही अब तक 11 लाख से अधिक श्रमिकों को 500 करोड़ से अधिक की राशि से लाभान्वित किया गया। श्रम मंत्री श्री देवांगन और छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल के अध्यक्ष डॉ रामप्रताप सिंह ने बटन दबाकर डीबीटी के माध्यम से प्रदेश के 9328 निर्माण श्रमिकों के खाते में 18.23 करोड़ की राशि अंतरित कर विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित किया।

# स्कूलों में विद्यार्थियों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिला कार्यालय कोरबा के सभाकक्ष में संभाग स्तरीय आधार ऑपरेटरों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण जिला नोडल अधिकारी आईटी एवं ज्वाइंट कलेक्टर कौशल तेंदुलकर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में नवीन आधार सॉफ्टवेयर प्रणाली के माध्यम से आधार पंजीयन, अपडेट एवं सुधार की प्रक्रिया पर विस्तारपूर्वक मार्गदर्शन दिया गया।

प्रशिक्षण के लिए यूआईडीएआई से आधार मास्टर ट्रेनिंग प्राप्त असिस्टेंट प्रोजेक्ट मैनेजर श्री खुर्शीद आलम एवं मास्टर ट्रेनर संजय द्वारा तकनीकी जानकारी प्रदान की गई। उन्होंने नवीन आधार प्रबंधन प्रणाली के संचालन, दस्तावेज सत्यापन, बायोमेट्रिक मानकों तथा आधार अपडेट प्रक्रिया के महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत रूप से चर्चा की। ट्रेनिंग में कोरबा के साथ-साथ जांजगीर-चांपा (जेसी), सक्ती, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही (जीपीएम) और रायगढ़ जिले के आधार ऑपरेटर एवं आईटी टीम के सदस्य उपस्थित रहे। प्रशिक्षण के दौरान सभी स्कूलों में अध्ययनरत विद्यार्थियों के अनिवार्य मैंडेटरी बायोमेट्रिक अपडेट को प्राथमिकता देने के निर्देश भी जारी किए गए। वर्तमान में 5 से 17 वर्ष आयु वर्ग के विद्यार्थियों के बायोमेट्रिक अपडेट हेतु जिले के सभी स्कूलों में शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें आधार ऑपरेटरों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया। ज्वाइंट कलेक्टर कौशल तेंदुलकर ने कहा कि विद्यार्थियों का समय पर बायोमेट्रिक अपडेट होना अत्यंत आवश्यक है, जिससे भविष्य में आधार सत्यापन से संबंधित सेवाओं में किसी भी प्रकार की समस्या न आए।

## चालकों के लिए रोड रश नामक गेमिफाइड लर्निंग मॉड्यूल किया शुरु

# बालको ने 37वें राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह पर चलाया जागरूकता अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

वेदांता समूह की कंपनी बालको ने सड़क सुरक्षा-जीवन रक्षा थीम के तहत 37वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह मनाया। इस दौरान कंपनी ने कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदारों और आसपास के समुदाय सहित 5 हजार से अधिक लोगों को जोड़ते हुए सड़क पर जिम्मेदार व्यवहार को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पूरे महीने जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

बालको के मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं निदेशक राजेश कुमार ने कहा किसड़क सुरक्षा, बालको की जीरो हार्म प्रतिबद्धता का ही विस्तार है। हर सुरक्षित यात्रा अनुशासन, जागरूकता और जवाबदेही का प्रतिबिंब होती है। कर्मचारियों, व्यावसायिक साझेदारों और समुदाय के साथ निरंतर जुड़ाव के माध्यम से बालको एक ऐसी संस्कृति विकसित कर रहा है, जहां सुरक्षा साझा जिम्मेदारी और दैनिक अभ्यास बन जाए। हमारा उद्देश्य केवल जागरूकता तक सीमित नहीं है, बल्कि ऐसे ठोस व्यवहारिक बदलाव लाना है, जो हमारे संचालन क्षेत्रों के भीतर और बाहर दोनों जगह जीवन की रक्षा करें। यह अभियान बालको के प्रचालन क्षेत्रों और आसपास के समुदाय में संचालित किया गया, जिसमें सड़क अनुशासन, यातायात जागरूकता और दुर्घटना रोकथाम से जुड़े विषयों पर विशेष फोकस रहा। कार्यक्रमों के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिताएं, नुक्कड़ नाटक, फायर सेफ्टी प्रदर्शन, कर्मचारियों और स्कूली विद्यार्थियों के लिए ड्राइंग एवं स्लोगन प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं।




वाहन चालकों को जानकारी देते बालको के अधिकारी।

बालको ने नियमित वाहन चालकों के लिए रोड रश नामक एक गेमिफाइड लर्निंग मॉड्यूल भी शुरू किया, जिसका उद्देश्य सड़क सुरक्षा से जुड़े ज्ञान का परीक्षण करने के साथ सुरक्षित ड्राइविंग व्यवहार को प्रोत्साहित करना रहा। स्थानीय स्कूलों में आयोजित जागरूकता सत्रों और आपातकालीन प्रतिक्रिया अभ्यासों के माध्यम से विद्यार्थियों को यातायात अनुशासन और दुर्घटना रोकथाम के प्रति जागरूक किया गया। इसके अलावा, सामूहिक जिम्मेदारी और सतत परिवहन को बढ़ावा देने के लिए एक विशेष कारपूलिंग चैलेंज भी आयोजित किया गया।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

